HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Miscellaneous 2nd Bail Application No. 3238/2026

Hemendra Sharma S/o Shri Rambabu Sharma

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

For Petitioner(s) : Mr. Amit Puri
For Respondent(s) : Mr. Devi Singh, PP

HON'BLE MR. JUSTICE PRAVEER BHATNAGAR

<u>Order</u>

<u>26/02/2026</u>

प्रकरण में पत्रावली के अवलोकन से यह प्रकट हुआ है कि आदेश दिनांक 15.09.2025 मेरे द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है, अपितु संभवतः अन्य न्यायाधिपति द्वारा हस्ताक्षरित है। यद्यपि शीर्षक में 'HON'BLE MR. JUSTICE PRAVEER BHATNAGAR' व हस्ताक्षर के कॉलम में '(PRAVEER BHATNAGAR),J' हस्ताक्षरित किया हुआ है, उक्त आदेश के अवलोकन से यह भी प्रकट हुआ है कि वह मुझ न्यायाधिपति के अंतर्गत सेवारत किसी भी पीएस/पीए के द्वारा कंप्यूटर पर टंकित नहीं किया गया है और आदेश में जिस स्थान पर पीएस/पीए अपना नाम अंकित करते हैं, उस स्थान पर 'MR' अंकित है।

उपरोक्त संदर्भ में रजिस्ट्री उक्त प्रकरण को संबंधित पीठ के ध्यान में लावे।

दिनांक 15.09.2025 की वादसूची के अनुसार उक्त प्रकरण क्रम संख्या 113 में इस न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध नहीं था, अपितु दिनांक 15.09.2025 को इस न्यायालय के समक्ष क्रम संख्या 66 से 90 तक व 117 से 140 तक के प्रकरण सूचीबद्ध किए गए थे।

अतः उपरोक्त स्थिति में रजिस्ट्री को यह निर्देशित किया जाता है कि वह इस तथ्य की जांच करने के उपरांत कि क्रम संख्या 113 पर दिनांक 15.09.2025 को सूचीबद्ध उपरोक्त प्रकरण किन न्यायाधिपति के समक्ष सूचीबद्ध हुआ था, उक्त प्रकरण को संबंधित न्यायाधिपति के समक्ष अविलंब प्रस्तुत करें।

(PRAVEER BHATNAGAR),J

MOHIT/ 2